www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 3 December 30, 2007 Shift 1 Home Science Question Paper

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**D—1207**

**PAPER—III**

# HOME SCIENCE

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **40** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**
10. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ / प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले / काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
10. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# HOME SCIENCE

## गृह विज्ञान

## PAPER – III

## प्रश्न-पत्र – III

**NOTE:** This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र दो सौ (200) अंकों का है एवं इसमें चार (4) खंड है। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION - I

## खण्ड – I

**Note :** This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each carries five (5) marks.

**(5x5=25 marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x5=25 अंक)**

The term "Juvenile delinquency" covers a broad range of illegal activities committed by a child or adolescent. At the most extreme end, it includes serious behaviours such as homicide, rape and robbery, which are considered criminal acts regardless of the age of the offender, other less serious offences, such as truancy, underage drinking, running away from home, and sexual promiscuity, are considered illegal only when performed by minors. Hence these are known as "status offences".

Boys are much more likely than girls to engage in most delinquent behaviours. Boys are more apt to commit crimes of violence whereas girls are more likely to commit status offences such as truancy or running away.

Who is most likely to engage in delinquent behaviour ? Many risk factors are associated with Juvenile delinquency. No one variable stands out as being most serious. Most likely, it is combination of several factors that increases the odds of a child's showing delinquent behaviour. Children who show aggressive, antisocial and hyperactive behaviour at any early age are more likely to show delinquent behaviour in adolescence. Personal factors include poor school performance, little interest in school, low self-esteem, impulsivity, early sexuality and having delinquent friends. Family factors also are powerful predictors of delinquent behaviour. The families of Juvenile delinquents often are characterised by lax and ineffective discipline, low levels of affection and high levels of family conflict, physical abuse, severe parental punishment and neglect. The parents and siblings of Juvenile delinquents frequently have engaged in antisocial, deviant or criminal behaviour themselves. Over the years, many different approaches have been tried in an effort to prevent delinquent behaviour from starting or to

reduce delinquent behaviour once it appears. One type of approach focuses on the individual offender. Such programmes may provide training in moral reasoning, social skills training, problem-solving skills training, or a combination of these. In some cases, these programmes have the positive effect of reducing subsequent antisocial or delinquent behaviour for short-terms only.

Another approach tries to deal with various social systems, such as the family, peer groups, school or community. These broader, multisystems approaches appear to be more successful in reducing problem behaviours and improving family relations of delinquent adolescents.

One other promising approach starts with the very young child and is aimed at promising a host of positive child outcomes, not just delinquency prevention. To summarise, if a young child is provided with a pleasant, conducive family environment, supportive community and encouraging society which foster his naturing and nurturing then delinquency can be erased from societal dictionary.

बाल अपराध पद बच्चों या किशोरों द्वारा की गई व्यापक श्रेणी की गैरकानूनी गतिविधियों को सम्मिलित करता है। अपने उग्रतम रूप में इसमें ऐसे गंभीर आचरण शामिल हैं जिन्हें अपराधी की उम्र पर विचार किये बिना, आपराधिक कृत्य माना जाता है, जैसे हत्या बलात्कार और डकैती। कामचोरी, अल्प–वय में मदिरापान, घर से भाग जाना तथा स्वच्छंद संभोग जैसे अन्य कम गंभीर अपराधों को केवल तभी अपराध माना जाता है जब उन्हें कोई नाबालिग करता है। अत: उन्हें "स्टेटस" अपराध माना जाता है।

अधिकतम आपराधिक आचरणों में लड़कियों की अपेक्षा लड़कों के लिप्त होने की संभावना अधिक होती है। हिंसात्मक अपराध को अंजाम देने में लड़के अधिक प्रवृत्त होते हैं जबकि लड़कियाँ अधिकतर स्टेटस अपराध कर सकती है, जैसे कामचोरी या भाग जाना।

आपराधिक आचरणों में लिप्त होने की किसकी संभावना अधिक होती है? जोखिम के अनेक कारक बाल अपराध के साथ जुडे होते हैं। किसी भी एक परिवर्ती को सर्वाधिक गंभीर नहीं माना जा सकता। अधिकतर, अनेक कारणों के मिल जाने से ही बच्चों में आपराधिक आचरण प्रदर्शित होने की संभावना बढ़ती है। आरंभिक वय में जिन बच्चों में आक्रामक, समाज–विरोधी, असामाजिक तथा अतिसक्रिय व्यवहार प्रदर्शित होते हैं उन बच्चों में किशोरावस्था में आपराधिक व्यवहार प्रदर्शित होने की अधिक संभावना होती है। विद्यालय में खराब प्रदर्शन, विद्यालय में बहुत कम रुचि, स्वनिर्णय एवं स्व–विचार की कमी, आवेगशीलता, कम उम्र में यौनाचार तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से दोस्ती इत्यादि व्यक्तिगत कारकों में सम्मिलित हैं। पारिवारिक कारक भी आपराधिक व्यवहार के लिए सशक्त भविष्यवाचक हैं। बाल–अपराधियों के परिवार के लक्षण हैं ढीला–ढाला तथा अप्रभावी अनुशासन, अनुराग का निम्न स्तर, उच्च–स्तरीय पारिवारिक द्वंद्व, शारीरिक प्रताड़ना, माता–पिता द्वारा कठोर सजा देना तथा उपेक्षा। बाल अपराधियों के माता–पिता तथा बच्चे निरंतर समाज विरोधी, विपथित तथा आपराधिक

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

आचरण में संलिप्त रहते हैं।

आरंभिक वय में आपराधिक व्यवहार पर रोक लगाने के लिए अथवा आपराधिक व्यवहार प्रकट होने पर उसे कम करने के लिए समय के साथ अनेक उपागमों को आजमाया गया है। इस प्रकार का एक उपागम व्यक्तिगत अपराधी पर केंद्रित है। इन कार्यक्रमों में नैतिक तर्कना में प्रशिक्षण, सामाजिक कौशलों में प्रशिक्षण समस्या-समाधान कौशल में प्रशिक्षण तथा इन सबों के सम्मिलित रूप को शामिल किया जा सकता है। कुछ मामलों में ये कार्यक्रम समाज विरोधी अथवा आपराधिक व्यवहार को कम करने में अल्प समय के लिए सकारात्मक रूप में प्रभावी सिद्ध होते हैं।

एक अन्य उपागम विविध सामाजिक प्रणालियों पर विचार करने का प्रयास करता है, जैसे परिवार, संगी-साथी समूह, विद्यालय अथवा समुदाय। समस्या उत्पन्न करने वाले व्यवहारों को कम करने में तथा किशोर अपराधियों के पारिवारिक संबंधों को सुधारने में ये व्यापक बहु-प्रणाली-परक उपागम अधिक सफल प्रतीत होते हैं।

एक अन्य आशा जगाने वाला उपागम बहुत छोटे बच्चों से शुरु होता है तथा केवल आपराधिक रोकथाम को ही नहीं बल्कि अनेकों सकारात्मक परिणामों को अपने लक्ष्य-पथ में रखता है। सारांश के रूप में यह कहा जा सकता है कि यदि बच्चे को एक रमणीय, सहायक पारिवारिक परिवेश समर्थनकारी समुदाय तथा प्रोत्साहक समाज उपलब्ध कराया जाय जो मूलभूत चारित्रिक गुणों तथा पालन-पोषण का संवर्धन कर सके तब समाज के शब्दकोश से आपराधिकता को मिटाया जा सकता है।

**1.** Differentiate between serious and status delinquency.

गंभीर तथा स्टेटस अपराध के बीच अंतर बतलायें।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**2.** Identify the offences usually committed by boys and girls.

लड़कों तथा लड़कियों द्वारा सामान्यतः किये जाने वाले अपराधों का उल्लेख करें।

**3.** What are the possible risk factors associated with delinquency ?

अपराध से संबद्ध संभावित जोखिम कारण क्या हैं?

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**4.** Suggest some ways of treating delinquent behaviour of adolescents.

किशोरों के आपराधिक व्यवहार से निपटने के कुछ तरीके सुझायें।

**5.** How can delinquent behaviour be prevented in early childhood ?

बचपन की आरंभिक अवस्था में आपराधिक व्यवहार को कैसे रोका जा सकता है?

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION - II

## खण्ड – II

**Note :** This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

**(5x15=75 marks)**

**नोट :** इस खंड में पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x15=75 अंक)**

**6.** Write down the effect of pH and temperature on vegetable pigments.

सब्जियों के पिगमेंटस पर पी एच और तापमान का प्रभाव लिखिए।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** Discuss briefly the role and choice of fat in daily diet.

दैनिक आहार तालिका में वसा का चयन और भूमिका पर संक्षेप में चर्चा करें।

**8.** Development of Fast food units.

त्वरित भोजन एकांशों का विकास।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** Ikat fabrics.

इकत कपड़ा

**10.** Double Cloth.

दुहरा कपड़ा (डबल क्लॉथ)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** Oxidising Bleaching Agents.

आक्सिडाइज तथा ब्लीच की क्रिया के कारक।

**12.** Define the term home management. Write the steps in the process of home management.

गृह प्रबन्ध को परिभाषित कीजिए। गृह प्रबन्धन की प्रक्रिया में विभिन्न पदों का विवरण दीजिए।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** Explain the term adulteration. How it can be identified ? Explain it with example.

'मिलावट' की व्याख्या कीजिए। इसकी पहचान कैसे की जा सकती है? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

**14.** Clarify the concepts of input, output and feedback in system approach. Illustrate using diagram.

प्रणाली उपागम में निवेश (इनपुट), निर्गत (आउटपुट) तथा प्रतिपुष्टि (फीडबैक) की अवधारणाओं को स्पष्ट करें। आकृति का प्रयोग कर समझाइऐ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** Differentiate between two - Emotional Quotient and Intelligence Quotient.

अंतर स्पष्ट कीजिए – संवेगात्मक लब्धि एवं बुद्धि लब्धि (इमोशनल कोशेन्ट एवं इन्टेलीजेन्स कोशेन्ट)।

**16.** Interpersonal and Intrapersonal Intelligence.

अन्तर्वैयक्तिक बुद्धिमत्ता तथा अंत:वैयक्तिक बुद्धिमत्ता।

www.prepp.in

17. Co-operative learning.

सहयोग द्वारा सीखना।

18. Educational administration.

शैक्षणिक प्रशासन।

**19.** Women entrepreneurs.

महिला उद्यमी

**20.** Assumptions underlying simple linear regression model.

सिंपुल लीनियर रिग्रेसन मोडेल की मूलभूत अवधारणाएँ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION - III

## खण्ड – III

**Note :** This section contains five (5) questions from each of the electives / specialisations. The candidate has to choose only one elective / specialisation and answer all the five questions from it. Each question carries twelve (12) marks and is to be answered in about two hundred (200) words.

**(12x5=60 marks)**

**नोट :** इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता से पाँच (5) प्रश्न हैं। अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी में से पाँचो प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न बारह (12) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में अपेक्षित है।

**(12x5=60 अंक)**

### Elective - I

### विकल्प – I

### FOOD AND NUTRITION

### खाद्य एवं पोषण

**21.** How does Biotechnology enhance the nutritive quality of foods ?
खाद्य पदार्थों की पौष्टिक गुणता को बाइओ–टेक्नोलोजी के द्वारा कैसे बढाया जा सकता है?

**22.** What are food additives ? Discuss their properties and application in foods.
योज्य पदार्थ क्या होते हैं? उनके गुण और भोजन में अनुप्रयोग पर चर्चा कीजिए।

**23.** Describe the role of fortification and enrichment in combating micronutrient deficiency.
सूक्ष्मतत्व की कमी में फॉर्टिफिकेशन एवं अभिवृद्धि करन की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**24.** How do you compute the energy and protein requirements during pregnancy and lactation ?
गर्भवती और स्तनपान करने वाली माता के लिए ऊर्जा और प्रोटीन की आवश्यक मात्रा को कैसे गणन करते हैं?

**25.** Discuss the methods of assessing the nutritional status of school children and the standard for reference to be used.
विद्यालय जाने वाले बच्चों की पोषण परक अवस्था का आकलन करने की विधियों तथा इसके लिए संदर्भ हेतु प्रयुक्त मानक की चर्चा करें।

**OR / अथवा**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## Elective - II
## विकल्प – II
## INSTITUTIONAL MANAGEMENT AND DIETETICS
## संस्थानिक प्रबन्ध एवं आहारिकी

**21.** Systems Approach is appropriate for food service unit - Justify.
खाद्य सेवा एकांश के लिए प्रणाली उपागम सर्वाधिक उपयुक्त है। औचित्य प्रस्तुत कीजिए।

**22.** Menu is the heart of all food service operation - Explain.
व्यंजन-सूची सभी प्रकार की खान-पान सेवा के संचालन में केंद्र रूप में होती है।

**23.** Discuss the methods of maintaining and analysing costs in Food Service units.
खान-पान सेवा एकांशों की लागत को बनाये रखने तथा विश्लेषित करने की विधियों की चर्चा करें।

**24.** Discuss the dietary and lifestyle modification needed for an obese diabetic patient.
मोटापाग्रस्त मधुमेह के मरीज के लिए आवश्यक आहार-संबंधी एवं जीवन-शैली परक सुधार की चर्चा करें।

**25.** Enumerate the indication, nutritional requirements and mode of administration of TNP.
टी.एन.पी. के लक्षण, पोषण-पदार्थों से संबंधित आवश्यकताएँ तथा इसे देने की रीति को परिगणित करें।

**OR / अथवा**

## Elective - III
## विकल्प – III
## CLOTHING AND TEXTILES
## वस्त्र प्रसाधन तथा वस्त्र

**21.** What do you understand by the term polymerization ? Give the process of manufacturing nylon fibre.
'पालिमेराइजेशन' पद से आप क्या समझते हैं? नायलॉन फाइबर के निर्माण की प्रक्रिया का उल्लेख करें।

**22.** Give the microscopic appearance, burning test and two chemical tests to identify wool, cotton and nylon.
ऊन, सूत तथा नायलॉन की पहचान करने के लिए उनके सूक्ष्मवीक्षण स्वरूप, ज्वलन-जाँच तथा दो रासायनिक जाँचों का उल्लेख करें।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** Give the importance of informative labelling, standarization and quality control in textiles.

वस्त्रोद्योग में सूचना प्रदायक लेबल लगाने, मानकीकरण तथा गुणवत्ता नियंत्रण के महत्व का उल्लेख करें।

**24.** Discuss the steps in preparation of fabric for dyeing and printing.

कपड़े को रंगाई और छपाई के लिए कैसे तैयार किया जाता है? विभिन्न चरणों की विवेचना कीजिए।

**25.** Enlist the Indian Traditional Textiles. Explain the important characteristics of Kashmir Carpets.

प्राचीन भारत के परम्परागत वस्त्र उद्योगों (textiles) की सूची बनाइए। कश्मीर कालीनों की महत्वपूर्ण अभिलक्षणों की व्याख्या कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - IV**

**विकल्प – IV**

**HOME AND COMMUNITY RESOURCE MANAGEMENT**

**गृह और समुदाय संसाधन प्रबंधन**

**21.** Explain the concept of system approach. Write its utilisation in management of home.

प्रणाली उपागम (सिस्टम एप्रोच) की व्याख्या कीजिए। गृह प्रबन्ध में इसके उपयोग के बारे में लिखिए।

**22.** What is family budget ? Clarify the various steps considered in making family budget.

पारिवारिक बजट क्या है? पारिवारिक बजट बनाते समय किन चरणों को ध्यान में रखा जाता है, स्पष्ट रूप से लिखें।

**23.** Explain the concept of family life cycle. Illustrate the demands upon energy during the various stages of family life cycle.

'पारिवारिक जीवन चक्र, की व्याख्या कीजिए। पारिवारिक जीवन चक्र की विभिन्न अवस्थाओं में ऊर्जा की माँग को दर्शाइए।

**24.** Explain different causes and types of fatigue. Suggest the measures to overcome it.

थकावट के विभिन्न प्रकार एवं कारणों का विवरण दीजिए। थकावट दूर करने के उपाय सुझाये।

prepp
Your Personal Exams Guide

**25.** Enumerate various problems faced by the consumer. Explain some of the measures that can be adopted for protection of the consumer rights and also the role played by the consumer society.

उपभोक्ता द्वारा सामना की जाने वाली विभिन्न समस्याओं को परिगणित करें। उपभोक्ता के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अपनाये जा सकनेवाले कुछ उपायों की व्याख्या करें तथा उपभोक्ता समाज की भूमिका को भी स्पष्ट करें।

**OR / अथवा**

**Elective - V**

**विकल्प – V**

**CHILD AND HUMAN DEVELOPMENT**

**शिशु एवं मानवीय विकास**

**21.** What are the major mental health concerns of the elderly ? Why depression is so difficult to deal with ? How mental health treatment for the elderly can be promoted ?

वृद्धों के मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित मुख्य चिंताएं क्या हैं? अवसाद की अवस्था में व्यक्ति को संभालना कठिन क्यों है? वृद्ध व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य के इलाज को प्रोत्साहन कैसे दिया जा सकता है?

**22.** What are the consequences of divorce and of being raised by only one parent ? What type of human ecological environment can reduce the disadvantage of the above situation ?

तलाकशुदा अकेले अभिभावक द्वारा बच्चे के पालन–पोषण करने के क्या परिणाम होते है? आप बच्चें को किस प्रकार का 'ह्यूमन इकोलोजिकल वातावरण' प्रदान करेंगे, जिससे कि इस परिस्थिति द्वारा उत्पन्न हानियों को कम किया जा सके।

**23.** Explain formal and informal developmental assessment, which method is best with children. Justify your answer with suitable example.

विकास मूल्यांकन की औपचारिक एवं अनौपचारिक विधियों की व्याख्या कीजिए, बच्चों के साथ कौनसी विधि सर्वोत्तम है? अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों सहित लिखिए।

**24.** A society has 1000 couples in reproductive age. How you would plan and implement an early childhood education and care unit to cater the need of this society.

एक समाज में 1000 जोड़े प्रजनन आयु में है। आप इस समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किस प्रकार की 'प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखरेख केन्द्र' की योजना बनाएँगे एवं इसे कैसे संचालित करेंगे?

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**25.** Suggest the best approach for education and rehabilitation of mentally challenged children in the present context and strengthen your answer with facts and logics.

मानसिक रूप से प्रभावित (चैलेन्जड) बच्चों के लिए वर्तमान संदर्भ में सर्वोत्तम उपागम (एप्रोच) का सुझाव दीजिए। उत्तर को तथ्य एवं तर्क से सुदृढ़ कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - VI**

**विकल्प – VI**

**HOME SCIENCE EXTENSION EDUCATION**

**गृह-विज्ञान विस्तार शिक्षा**

**21.** What is demonstration method ? Explain its advantages and limitations.

प्रदर्शन विधि क्या है? इसके लाभों तथा सीमाओं की व्याख्या करें।

**22.** What are the factors to be kept in mind in the selection of audio-visual aids for class-room teaching ?

कक्षा में अध्यापन के लिए श्रव्य-दृश्य सामग्री के चयन में किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

**23.** Explain the efforts made by University Grants Commission for making Home Science employment oriented.

गृह-विज्ञान को रोजगारोन्मुख बनाने में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रयासों की व्याख्या करें।

**24.** What are the characteristics of adult learners ? List and explain.

वयस्क शिक्षार्थियों के अभिलक्षण क्या हैं? परिगणित करें और व्याख्या करें।

**25.** Explain ways and means of improving the lecture method for formal and non-formal teaching of home science.

गृह विज्ञान के औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षण के लिए व्याख्यान विधि में सुधार लाने के तरीकों और साधनों की व्याख्या करें।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION - IV

## खण्ड – IV

**Note :** This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any of the following topics.

**(40x1=40 marks)**

**नोट :** इस खंड में एक चालीस (40) अंको का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार (1000) शब्दों में अपेक्षित है।

**(40x1=40 अंक)**

**26.** Enumerate the role of Home Science education in combating the National Problems.

राष्ट्रीय समस्याओं का सामना करने में गृह-विज्ञान शिक्षा की भूमिका परिगणित करें।

**OR / अथवा**

Discuss the applications of computers in your field of specialization.

अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में कंप्यूटर के अनुप्रयोग की चर्चा करें।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in
prepp Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

## FOR OFFICE USE ONLY

| Marks Obtained | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained |
| 1 | | 26 | | 51 | | 76 | |
| 2 | | 27 | | 52 | | 77 | |
| 3 | | 28 | | 53 | | 78 | |
| 4 | | 29 | | 54 | | 79 | |
| 5 | | 30 | | 55 | | 80 | |
| 6 | | 31 | | 56 | | 81 | |
| 7 | | 32 | | 57 | | 82 | |
| 8 | | 33 | | 58 | | 83 | |
| 9 | | 34 | | 59 | | 84 | |
| 10 | | 35 | | 60 | | 85 | |
| 11 | | 36 | | 61 | | 86 | |
| 12 | | 37 | | 62 | | 87 | |
| 13 | | 38 | | 63 | | 88 | |
| 14 | | 39 | | 64 | | 89 | |
| 15 | | 40 | | 65 | | 90 | |
| 16 | | 41 | | 66 | | 91 | |
| 17 | | 42 | | 67 | | 92 | |
| 18 | | 43 | | 68 | | 93 | |
| 19 | | 44 | | 69 | | 94 | |
| 20 | | 45 | | 70 | | 95 | |
| 21 | | 46 | | 71 | | 96 | |
| 22 | | 47 | | 72 | | 97 | |
| 23 | | 48 | | 73 | | 98 | |
| 24 | | 49 | | 74 | | 99 | |
| 25 | | 50 | | 75 | | 100 | |

Total Marks Obtained (in words) ....................................

(in figures) ....................................

Signature & Name of the Coordinator ...............................

(Evaluation) Date .............................